Seventeenth Loksabha

>

Title: Need to set up watch tower and install LED lights under smart city scheme in Guwahati, Assam.

श्रीमती क्वीन ओझा (गौहाटी) : अध्यक्ष महोदय, मुझे शून्य काल के अंतर्गत अति लोक महत्व के विषय पर बोलने का अवसर दिया, मैं इसके लिए आपका आभार प्रकट करती हूं । हमारे माननीय प्रधान मंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी की महत्वकांक्षी स्मार्ट सिटी योजना में मेरा संसदीय क्षेत्र गुवाहाटी चुना गया है । गुवाहाटी की जनता इस घोषणा से काफी गौरान्वित भी है, लेकिन गुवाहाटी स्मार्ट सिटी लिमिटेड ने पिछले तीन वर्षों में स्मार्ट सिटी परियाजना के अंतर्गत आबंटित राशि में से केवल 16 करोड़ रुपये की ही राशि खर्च की है ।

गुवाहाटी को स्मार्ट सिटी में बदलने के लिए गुवाहाटी स्मार्ट सिटी लिमिटेड का गठन किया गया था । इसका काम परियोजनाएं तैयार करने से लेकर उन्हें ज़मीन पर उतारने और इसकी निगरानी करना है । यह भारतीय कंपनी अधिनियम, 2013 के तहत पंजीकृत कंपनी है, जिसमें असम सरकार भागीदार है । गुवाहाटी स्मार्ट सिटी परियोजना की कुल प्रस्तावित लागत 2,296 करोड़ रुपये है । क्षेत्र आधारित विकास के लिए 1,579 करोड़ रुपये तय किए गए हैं और शहर के सर्वांगीण विकास के लिए 622 करोड़ तय किए गए हैं ।

अत: मेरा सदन के माध्यम से माननीय मंत्री, भारत सरकार से निवेदन है कि स्मार्ट सिटी के तहत चल रहे ब्रह्मपुत्र तट के सौंदर्यीकरण, दीपर बील जलाशय में वॉच टावर बनाना एवं गुवाहाटी की सड़कों पर एलईडी लाइट की व्यवस्था की जाए । जीएससीएल द्वारा इस वर्ष गांधी मंडप पहाड़ी को विकसित करने का काम जल्द से जल्द पूर्ण किया जाए । धन्यवाद ।

माननीय अध्यक्ष : डॉ. शशि थरूर - उपस्थित नहीं ।